Live हिन्दुस्तान .com

दो दुकानों से पकड़े ब्रांडेड कंपनी के नकली जूते

हिन्दुस्तान टीम,काशीपुर

Last updated: Mon, 09 Jul 2018 11:53 PM

सोमवार को कंपनी के जांच अधिकारी चंद्रशेखर और राजेश कुमार ने महाराणा प्रताप चौक और किला बाजार में दो दुकानों में छापा मारकर हजारों रुपये के नकली जूते पकड़ लिए। सूचना पर व्यापार मंडल अध्यक्ष दीपक वर्मा भी व्यापारियों के साथ कोतवाली पहुंच गए। उन्होंने एसएसआई राजेश कुमार का घेराव किया। कहा कि कंपनी ने साजिश के तहत दुकानदारों को फंसाया है। कंपनी के अधिकारी कई दिन से दुकानों के चक्कर काट रहे थे। कंपनी अधिकारियों ने ही आर्डर देकर सस्ता जूता व्यापारियों से मंगाया है। वहीं कंपनी के जांच अधिकारी चंद्रशेखर ने बताया कि कंपनी का लोगो और ब्रांड प्रयोग कर दो दुकानों में नकली जूते बेचे जा रहे थे। पुलिस को कॉपीराइट एक्ट के तहत मामले की तहरीर दे दी गई है। एसएसआई ने बताया कि जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

Source: https://www.livehindustan.com/uttarakhand/kashipur/story-branded-company-s-fake-shoes-caught-from-the-fake-shoe-stores-of-the-branded-company-caught-by-two-shops-2060016.html